<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–13 मार्च 2025</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल राज्य के एक करोड़ छियासी लाख परिवारों को गैस सिलिण्डर रिफिल करने के लिये अट्ठारह सौ नब्बे करोड़ रूपये की वितरित की सब्सिडी।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जौनपुर में एक हजार एक जोड़ों के सामूहिक विवाह में नवदम्पतियों को दिया आशीर्वाद। कहा– एक अप्रैल से सामूहिक विवाह योजना के लिये एक लाख रूपये देगी सरकार।
- प्रदेश भर में कल हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा होली का त्यौहार। सुरक्षा के किये जा रहे पुख्ता इंतजाम। स्थानीय पुलिस के अलावा पीएसी और अर्धसैनिक बल भी रहेगी तैनात।
- प्रदेश में फिर बदल सकता है मौसम। मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों में राज्य के पश्चिमी इलाकों में बारिश की जारी की चेतावनी। पूर्वी इलाकों में शुष्क रहेगा मौसम।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत कल राज्य के एक करोड़ छियासी लाख परिवारों को गैस सिलेंडर रिफिल के लिए अट्ठारह सौ नब्बे करोड़ रुपये की सब्सिडी वितरित की। लखनऊ के लोकभवन सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रदेश के सभी जिलों के प्रभारी मंत्रियों ने वर्चुअली हिस्सा लिया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में दस करोड़ परिवारों को ये सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

***इस अभियान के क्रम में पूरे देश के अंदर 10 करोड़ परिवारों को फ्री में रसोई गैस के कनेक्शन मिले और उत्तर प्रदेश में लगभग दो करोड़ लोग इस योजना से लाभान्वित हुए। हम लोगों ने दो हजार इक्कीस में घोषणा की थी कि दो हजार बाईस में सरकार आते ही हर प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थी के खाते में दीपावली और होली के अवसर पर फ्री में रसोई गैस के सिलेंडर यह सरकार उपलब्ध कराएगी। होली भी है और रमजान का महीना भी चल रहा है तो दोनों लोग इसका लाभ ले लेंगे।***

उज्जवला योजना के लाभार्थियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का इस सुविधा के लिए आभार जताया। कानपुर की परी गुप्ता ने कहा कि इस योजना से उन्हें बहुत लाभ हुआ है।

***मुझे यह सब्सिडी मिली मोदी जी का मैं बहुत बहुत धन्यवाद करना चाहूँगी। मुझे बहुत अच्छा लगा है। पहले बहुत दिक्कतें होती थी परेशानी होती थी। अब तो तुरंत ही सिलेंडर मिल जाता है कोई परेशानी कोई दिक्कत नहीं होती है। मैं बहुत बहुत धन्यवाद करना चाहती हूँ।***

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आगामी एक अप्रैल से सामूहिक विवाह योजना के तहत मिलने वाली पैंतीस हजार रूपये की राशि एक लाख रूपये हो जायेगी। इसके अलावा मेधावी बेटियों को सरकार स्कूटी भी देगी। मुख्यमंत्री कल जौनपुर के शाही किले में आयोजित जौनपुर महोत्सव में शामिल हुए और एक हजार एक जोड़ों के सामूहिक विवाह में नवदम्पत्तियों को आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी गरीब की बेटी अब बिनव्याही नहीं रहेगी। उसका कन्यादान सरकार करायेगी।

***मुझे बताते हुए प्रसन्नता है कि अभी तक हम लोग अपना देश में चार लाख मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह की योजना के साथ शादी विवाह के कार्यक्रम को संपन्न कर चुके हैं बहनों और भाइयों यह चीज बताती हैं कि समाज की आवश्यकता थी कोई बेटी अनबिहाई ना रह जाए कोई मां–बाप दहेज के अभाव में अपनी बेटी को अनविहाई ना छोड़ने पाए इसके लिए जिम्मेदारी सरकार लेकर उसे बेटी का कन्यादान हम लोग करेंगे हम लोग उसे परिवार के साथ एक संबल बनाकर के खड़े रहेंगे।***

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन की यह सरकार बिना किसी भेदभाव से काम कर रही है। उन्होंने जौनपुर की इमरती को जीआई टैग मिलने पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि जहां भी जाएं गिफ्ट में यहां की इमरती लेकर जाएं।

श्री योगी ने एक और महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए कहा कि सरकार हर जिले में लौहपुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल के नाम पर सौ एकड़ में एम्प्लाइमेंट जोन बनायेगी।

***सरकार एक व्यवस्था बनाने जा रही है। एक एम्प्लॉयमेंट जॉब बने हर जनपद में। एम्प्लॉयमेंट जॉब लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के नाम पर होगा। जहां पर स्किल डेवलपमेंट के लिए उसके रोजगार के लिए उसे सम्मानजनक कार्य मिल सके इसके लिए। निरंतर कार्य होंगे और उस एम्प्लॉयमेंट जॉब के कार्यक्रम को आगे बढ़ाने के लिए सौ एकड़ का एक क्षेत्र बन होगा। जिसमें ट्रेनिंग के साथ–साथ प्लेसमेंट की व्यवस्था, करियर काउंसलिंग की व्यवस्था। यह सभी कार्यक्रम सरकार के एक ओर से प्रारंभ होते हुए दिखाई देंगे।***

इसके बाद मुख्यमंत्री ने वाराणसी पहुंचकर विकास कार्यों और कानून व्यवस्था की समीक्षा की और परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया।

**********

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण–एएसआई को संभल स्थित जामा मस्जिद की क्षतिग्रस्त बाहरी दीवार की सप्ताह भर में सफेदी कराने का निर्देश दिया है। साथ ही, कहा है कि अब दीवार में अतिरिक्त लाइटिंग नहीं की जायेगी, इससे निर्माण को क्षति

पहुंच सकती है। एएसआई, दीवार पर बाहर की ओर से सजावट के लिये फोकस लाइट और एलईडी लाइट का इस्तेमाल कर सकती है। इसका खर्च मस्जिद कमेटी देगी, जिसकी भरपाई एएसआई एक सप्ताह में करेगी। न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल की एकल पीठ ने कल मामले की सुनवाई करते हुए जरूरी जगहों पर सफेदी का काम एक सप्ताह में पूरा कर लेने का निर्देश दिया। मामले में अगली सुनवाई आठ अप्रैल को होगी।

**********

प्रदेश में अब मोटर वाहनों को रजिस्ट्रेशन बुक की जगह चिप युक्त स्मार्टकार्ड आरसी जारी की जाएगी। इस फैसले से वाहन मालिकों को अपने दस्तावेज संभालने में सहूलियत होगी और सरकारी कामकाज में पारदर्शिता आएगी। इस कार्ड में लगे चिप की मदद से डुप्लीकेसी रोकी जा सकेगी। साथ ही पुलिस और परिवहन की जांच प्रक्रिया को डिजिटल रूप से मजबूत किया जा सकेगा।

**********

प्रदेश भर में होली का त्यौहार कल हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा। इसे लेकर तैयारियां जोरों पर है। चारो तरफ उत्साह का वातावरण है। होली के अवसर पर शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के लिये सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये जा रहे हैं। सभी जिलों में अतिरिक्त सतर्कता बरती जा रही है। प्रदेश में अलर्ट जारी कर शरारती तत्वों पर लगातार कड़ी नजर रखे जाने का निर्देश दिया गया है। डीजीपी प्रशान्त कुमार ने कहा है कि कहीं भी कोई नयी परम्परा नहीं शुरू की जाएं और इंटरनेट मीडिया पर निरन्तर नजर रखी जाए। प्रदेश भर में स्थानीय पुलिस के अलावा पीएसी और अर्धसैनिक बलों की तैनाती की गयी है। शोभायात्रा और होलिका दहन के साथ ही घनी आबादी वाले इलाकों में ड्रोन से भी नजर रखी जायेगी। होली पर यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए रेल प्रशासन ने खास इंतज़ाम किये हैं। पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के मंडल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल ने कहा कि होली स्पेशल के रूप में तिरपन विशेष रेलगाड़ियां चलाई गई हैं।

***पूर्वोत्तर रेलवे ने फिफ्टी थ्री जोड़ी होली स्पेशल ट्रेन डिफरेंट डायरेक्शंस के लिए ओरिजिनेटिंग यहाँ से चला रखी है। तो फिफ्टी थ्री अप ट्रेन, फिफ्टी थ्री डाउन ट्रेन, इसके अलावा वनथर्टीनाइन बाईपासिंग ट्रेनें भी आ रही है। हर तरीके के कोच इसमें शामिल होंगे। हर तरह के पैसेंजर को ध्यान में रखते हुए, हर एक डायरेक्शन को ध्यान में रखते हुए यह ट्रेने करीब दस बारह दिन के लिए चलेंगी।***

होली के दिन लखनऊ मेट्रो का संचालन दोपहर ढाई बजे से रात साढ़े दस तक ही किया जाएगा। वहीं होली पर बेसिक शिक्षा परिषद के सभी स्कूलों में आज से पन्द्रह मार्च तक अवकाश घोषित किया गया है। उधर, प्रदेश भर के बाज़ारों में रंग, पिचकारी और खाने पीने के सामान की दुकानों पर भीड़ दिख रही है। उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड ने लोगों से अपील की है कि वे बिजली के खंभों, ट्रांसफार्मरों और लाइनों के नीचे या आसपास होलिका दहन न करें।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज गोरखपुर पहुंचेंगे। वह शाम को शहर के पाण्डेय हाता से निकाली जाने वाली भक्त प्रह्लाद की शोभायात्रा में शामिल होंगे। वह अगले दिन सुबह होली के अवसर पर आरएसएस और होलिकोत्सव समिति की ओर से आयोजित होने वाली भगवान नरसिंह की शोभायात्रा में भी भाग लेंगे। मुख्यमंत्री भगवान नरसिंह की आरती उतारने के साथ ही शहवासियों के साथ गुलाल और फूलों की होली खेलेंगे।

**********

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कल मिर्ज़ापुर के मवई कला गांव में आंगनबाड़ी किट, पोषण पोटली, आयुष्मान कार्ड एवं मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान तथा मुद्रा योजना के तहत लाभार्थियों को चेक वितरित किया। कार्यक्रम में मिर्जापुर की सांसद और केंद्रीय राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल भी मौजूद रहीं।

**********

प्रदेश में मौसम एक बार फिर करवट ले सकता है। मौसम विभाग ने आगामी चौबीस घंटों में राज्य के कई पश्चिमी इलाकों में गरज चमक के साथ बारिश की चेतावनी जारी की है। वहीं पूर्वी इलाकों में मौसम शुष्क रहने और तेज़ सतही हवाएं चलने का अनुमान जताया है।

**********